आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–10 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या जिले का दौरा किया। इस अवसर पर अयोध्या धाम स्थित अशर्फी भवन के नवनिर्मित श्री राम मंदिर में नया विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा करने के साथ ब्रह्मलीन जगदाचार्य स्वामी मधुसूदनाचार्य जी महाराज और ब्रह्मलीन जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी माधवाचार्य की प्रतिमा का अनावरण किया। श्री योगी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर कुछ राजनीतिक दलों ने अपने मुंह सिले हुए हैं। जबकि उत्पीड़न का शिकार होने वालों में नब्बे फीसदी से अधिक लोग दलित वर्ग से हैं। उन्हें पता है कि वहां का हिंदू उनका वोट बैंक नहीं है, अगर वो आवाज उठाएंगे तो भारत में मौजूद उनके धर्म विशेष का वोट बैंक खिसक जाएगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में 400 लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया।

श्री योगी ने कहा कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में दो मृतक आश्रित महिलाओं को आर्थिक मदद का चैक सौंपा।

****

अयोध्या जिले में गैंगरेप की शिकार हुई बारह वर्षीय पीड़िता को लखनऊ क केजीएमयू के क्वीनमेरी अस्पताल से अयोध्या के जिला महिला अस्पताल में भेज दिया है।

पीड़िता को बीते सोमवार को लखनऊ केजीएमयू के क्वीनमेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां, परिजनों की सहमति के बाद उसका गर्भपात कराया गया। पीड़िता तीन हफ्ते की प्रेग्नेंट बताई जा रही थी। डॉक्टरों ने कहा था कि पीड़िता का शरीर डिलीवरी के लायक नहीं था। इसके बाद परिजनों की सहमति से गर्भपात कराया गया। साथ ही डीएनए जांच के लिए सैंपल भी लिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची खतरे से बाहर है। डॉक्टरों की टीम लगातार इलाज और देखभाल कर रही है।

****

प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज मुरादाबाद हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए नई उड़ान सेवा का शुभारंभ किया।एयरपोर्ट के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुरादाबाद से लखनऊ का सफर 75 मिनट में पूरा होगा। मुरादाबाद से मंगलवार, गुरूवार और शनिवार को विमान सेवा उपलब्ध होगी।

****

हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए आज वाराणसी में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत आम जनमानस को अपने घर, सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और अन्य संस्थानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में विकास भवन से नागरिक सुरक्षा प्रखंड द्वारा हर घर तिरंगा जागरूकता रैली निकाली गईं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि तेरह से पन्द्रह अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के लिए काशी के आम लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

****

आज विश्व शेर दिवस मनाया जा रहा है। इस खास दिन को मनाने का उद्देश्य शेरों की घटती आबादी और संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। 'विश्व शेर दिवस' की शुरुआत साल 2013 में बिग कैट रेस्क्यू द्वारा की गई थी, जो शेरों को समर्पित दुनिया का सबसे बड़ा अभयारण्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विश्व शेर दिवस पर प्रदेश वासियों को बधाई दी है।

****

जुलाई माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में महाराजगंज जिले को विकास और राजस्व योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में पहला स्थान मिला है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जिला प्रशासन इसी मंशा के अनुरूप कार्य कर रहा है।

****

प्रदेश सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का तिमाहीं किस्त वरिष्ठ नागरिकों के खाते में भेज दी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चंद्र दूबे ने बताया कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में कुल एक लाख दो हजार आठ सौ बयासी लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है, जिसमें तिरालीस हजार आठ सौ छत्तीस महिलाएं और उन्सठ हजार छियालिस पुरूषों को पेंशन मिल रही है।

****

फर्रुखाबाद के डीएम ने आज फाइलेरिया की दवा खाकर, फाइलेरिया पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने फाइलेरिया जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान आज से शुरू होकर दो सितंबर तक चलेगा।

****

हरदोई जिले में बीते दिनों हुए अधिवक्ता हत्याकांड में फरार चल रहे पच्चीस हजार के इनामी बदमाश रामसेवक को आज पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि तीस जुलाई को अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या की गई

थी। उस समय पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले एक शूटर को गिरफ्तार करने के साथ ही सुपारी देने वाले चार आरोपियों को भी जेल भेजा दिया था। इस मामले में तीन आरोपी फरार थे। आज चेकिंग के दौरान इटौली तिराहे पर एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।

****